दिन– मंगलवार दिनांक– 27/05/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज कुमार चौधरी ने कहा – भारत–नेपाल के बीच व्यापार को बढ़ावा देने के लिए सीमा पर लैंड कस्टम कार्यालय जल्द होगा शुरू।

02. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज राष्ट्रपति भवन में दूसरे नागरिक अलंकरण समारोह में बिहार की छह समेत देशभर की अड़सठ हस्तियों को सम्मानित करेंगी।

03. सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने पटना हाईकोर्ट के न्यायाधीश विपुल मनुभाई पंचोली को मुख्य न्यायाधीश नियुक्त करने की सिफारिश की।

04. और, पटना में कोविड के नये मामले सामने आने के बाद राज्य सरकार ने सतर्कता बढ़ाई। प्रदेश में अबतक तीन मामलों की हो चुकी है पुष्टि।

---

केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज कुमार चौधरी ने कहा है कि भारत और नेपाल के बीच व्यापार को बढ़ावा देने के लिए कई पहल की जा रही है। श्री चौधरी ने पश्चिम चंपारण के वाल्मीकिनगर में कस्टम अधिकारियों के साथ बैठक कर व्यापार की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सीमा पर बड़ी भंसार चालू करने में आ रही बाधाओं को दूर कर लैंड कस्टम कार्यालय शीघ्र ही चालू किया जायेगा। श्री चौधरी ने बताया कि नेपाल कस्टम कार्यालय में टेस्टिंग लैब की सुविधा अभी तक शुरू नहीं हो पायी है। इस कारण से लैंड कस्टम का काम चालू नही हो सका है। उन्होंने कहा कि जल्द ही सभी कमियों को दूर कर लिया जायेगा।

–––बाइट–––

---

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज शाम राष्ट्रपति भवन में दूसरे नागरिक अलंकरण समारोह में पद्म पुरस्कार प्रदान करेंगी। समारोह में बिहार की छह समेत देशभर की अड़सठ हस्तियों को सम्मानित किया जाएगा। आज राष्ट्रपति लोक गायिका शारदा सिन्हा को मरणोपरांत पद्म विभूषण से सम्मानित करेंगी। वहीं, आचार्य किशोर कुणाल, भीम सिंह भवेश, निर्मला देवी, डॉक्टर हेमंत कुमार और विजय नित्यानंद सूरीवर जी

महाराज को पद्मश्री पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। अलंकरण समारोह के पहले चरण में राष्ट्रपति ने पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी को लोक कार्य के लिए मरणोपरांत पद्म भूषण से सम्मानित किया था।

---

सुप्रीम कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश बी.आर. गवई की अध्यक्षता वाले कॉलेजियम ने पटना हाईकोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति विपुल मनुभाई पंचोली को मुख्य न्यायाधीश नियुक्त करने का प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा है। उन्हें गुजरात उच्च न्यायालय से पटना उच्च न्यायालय स्थानांतरित किया गया था। वहीं, पटना उच्च न्यायालय के कार्यकारी मुख्य न्यायाधीश आशुतोष कुमार को गुवाहाटी उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त करने की सिफारीश की गई है।

---

पटना में कोविड के नये मामले सामने आने के बाद राज्य सरकार ने सतर्कता बढ़ा दी है। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि कोविड की जांच और इलाज के लिए मानक संचालन प्रक्रिया के अनुरूप तैयारी शुरू कर दी गयी है। श्री पांडेय ने लोगों से नहीं घबराने की अपील की है। इधर, स्वास्थ्य विभाग ने कोविड की वर्तमान स्थिति और तैयारियों को लेकर एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में सभी सिविल सर्जन और मेडिकल कॉलेजों के प्राचार्य और अधीक्षक शामिल हुए। बैठक में संदिग्ध मामलों की पहचान करने और रोक–थाम के उपायों पर चर्चा हुई। इस बीच, पटना स्थित आईजीआईएमएस के उपाधीक्षक डॉक्टर मनीष मंडल ने लोगों से सावधानी बरतने की अपील की है।

———बाइट———

गौरतलब है कि राज्य में कोविड के अबतक तीन मामलों की पुष्टि हो चुकी है।

---

पश्चिम अफ्रीका के गिनी को मढ़ौरा रेल फैक्ट्री में निर्मित रेल इंजन का निर्यात किया जाएगा। रेल फैक्ट्री परिसर में आयोजित एक समारोह में भारत और गिनी के अधिकारियों तथा राज्य सरकार के प्रतिनिधि की मौजूदगी में निर्यात किए जाने वाले इंजन का नामकरण किया गया है। इस इंजन का नाम गिनी के एक गांव के नाम पर

कोमा रखा गया है। रेल इंजन की पहली खेप अगले महीने के अंतिम सप्ताह तक भेजी जाएगी।

---

पटना के बिहटा ड्राई पोर्ट से एक कंटेनर कल रूस के लिए रवाना हुआ। ड्राईपोर्ट के क्षेत्रीय प्रबंधक राकेश कुमार ने बताया कि इस कंटेनर से रूस की सेना के लिए जूते भेजे गए हैं। उन्होंने बताया कि यह कंटेनर मुम्बई अंतरर राष्ट्रीय बंदरगाह से रूस के लिए रवाना होगा।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उनतीस और तीस मई के बिहार दौरे को लेकर बिहार पुलिस ने अलर्ट जारी किया है। पुलिस मुख्यालय ने प्रधानमंत्री की यात्रा के दौरान सुदृढ़ और त्रुटिहीन सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। डीजीपी विनय कुमार ने इस संबंध में कल एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।

---

भारत का सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल विभिन्न देशों का दौरा करके आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस के संदेश के माध्यम से वैश्विक स्तर पर आतंकवाद के प्रति पाकिस्तान के समर्थन को उजागर कर रहा है। फ्रांस में दल का नेतृत्व कर रहे भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि भारत आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में अपनी एकजुटता का संदेश दुनिया को देना चाहता है। पेरिस में भारतीय प्रवासियों के साथ बातचीत में श्री प्रसाद ने कहा कि उनकी यात्रा एक बड़े प्रयास का हिस्सा है। फ्रांस से प्रतिनिधिमंडल इटली जाएगा और वहां से ब्रिटेन, जर्मनी, डेनमार्क तथा यूरोपीय संघ की यात्रा करेगा।

---

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न मनाते हुए पूरा राष्ट्र भारतीय सैनिकों की वीरता को नमन करता है। आकाशवाणी का समाचार प्रभाग सशस्त्र बलों को श्रद्धांजलि स्वरूप एक विशेष श्रृंखला प्रस्तुत कर रहा है। इसी कडी में आज हम मेजर शैतान सिंह को याद कर रहे हैं, जिन्होंने उन्नीस सौ बासठ के भारत–चीन युद्ध के दौरान सर्वोच्च

बलिदान दिया था। इसके लिए सरकार ने उन्हें परमवीर चक्र से सम्मानित किया। एक रिपोर्ट––

–––रिपोर्ट–––

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में रूक–रूक कर बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग ने आज पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, शिवहर, सीतामढ़ी, कटिहार, भागलपुर और बांका समेत राज्य के उत्तरी और दक्षिण–पूर्व हिस्सों में कुछ स्थानों पर बारिश की चेतावनी जारी की है।

–––बाइट–––

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

कृषि विभाग ने राज्य के अठारह जिलों में प्याज की खेती का विस्तार करने का निर्णय लिया है। उप मुख्यमंत्री सह कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने बताया कि इसके लिए चालू वित्तीय वर्ष में दो सौ दो लाख रूपए से अधिक की राशि स्वीकृत की गई है। उन्होंने बताया कि किसानों को प्रति हेक्टेयर अठारह हजार तीन सौ पचहत्तर रूपए का अनुदान दिया जाएगा।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

बिहार विधानसभा चुनाव में आम लोगों की सहभागिता बढ़ाने के लिए निर्वाचन आयोग जागरूकता अभियान चलाएगा। नई दिल्ली में आयोग ने चुनाव के मद्देनजर स्वीप और मीडिया प्रबंधन की कार्ययोजना की उच्च स्तरीय समीक्षा की। समीक्षा बैठक की अध्यक्षता आयोग के मीडिया महानिदेशक आशीष गोयल ने किया। बैठक में मतदान प्रतिशत बढ़ाने और मतदाता सूची में छूटे हुए योग्य मतदाताओं के नाम शामिल करने के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाने पर सहमति बनी।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

राज्यभर के सरकारी स्कूलों में अभिभावक–शिक्षक संगोष्ठी इकतीस मई को होगी। शिक्षा विभाग ने इस संगोष्ठी की थीम रखी है–'पढ़ेंगे, बढ़ेंगे और सीखेंगे हम'। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, इस संगोष्ठी का उद्देश्य विद्यालय से मिलने वाले सहयोग के बारे में अभिभावकों को बताना है। साथ ही गर्मी की छुट्टी के दौरान विद्यार्थियों के सतत् सीखने के लिए अभिभावकों को जागरूक बनाना।

---

पटना के पाटलिपुत्र टेनिस सेंटर में आयोजित द्वितीय बिहार कप सीनियर डिवीजन सॉफ्ट टेनिस लीग प्रतियोगिता के एकल पुरूष वर्ग में भोजपुर के नीतीश कुमार चैम्पियन बने। उन्होंने पटना के कार्तिक आगासी को पराजित किया। वहीं, महिला वर्ग में भोजपुर की ही मेधावी कृति ने खिताब पर कब्जा जमाया।

---

पटना स्थित निगरानी की विशेष अदालत ने भ्रष्टाचार के लगभग अठारह साल पुराने एक मामले में नालंदा के तत्कालीन उत्पाद निरीक्षक विजय कुमार चौरसिया को सजा सुनाई है। उत्पाद निरीक्षक को दो अलग धाराओं में एक–एक साल कारावास और पांच–पांच हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई गई है।

---

पटना जिले के शालीमपुर थाना क्षेत्र में अपराधियों ने एक पेट्रोल पंप कर्मी से हथियार के बल पर पांच लाख पचहत्तर हजार रूपए लूट लिए।

---

रोहतास जिले के काराकाट थाना क्षेत्र से पुलिस ने हथियारों के साथ दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है।

---

बक्सर के चौसा में निर्माणाधीन थर्मल पावर प्लांट के मुख्य द्वार पर अपराधियों ने राजद मजदूर प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष अर्जुन यादव की गोली मारकर हत्या कर दी।

---

समस्तीपुर जिले के उजियारपुर के महेशारी में सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौत हो गई।

---

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......
आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** की सुर्खी है – मधुबनी में नेपाल सीमा पर देर शाम दिखे ड्रोन। **दैनिक जागरण** ने लिखा है – कोरोना संक्रमित मिलने पर सरकार सतर्क, तैयारी तेज।

प्रभात खबर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बयान को प्रमुखता देते हुए लिखा है – पाक को चेतावनी, चैन की रोटी खाओ वरना मेरी गोली तो है ही। **दैनिक भास्कर** ने लिखा है – भारत पहला देश जो छह किलोमीटर इलाके में भी मौसम की भविष्यवाणी कर देगा। **राष्ट्रीय सहारा** ने विदेश मंत्री डॉक्टर एस. जयशंकर के हवाले से लिखा है – आतंकी ठिकानों पर हमले के तीस मिनट बाद बताया था पाक को। **आज** अखबार ने अपनी विशेष रिपोर्ट में लिखा है – किन्नरों में भी बढ़ा बीएड का आकर्षण।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज कुमार चौधरी ने कहा – भारत–नेपाल के बीच व्यापार को बढ़ावा देने के लिए सीमा पर लैंड कस्टम कार्यालय जल्द होगा शुरू।

02. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज राष्ट्रपति भवन में दूसरे नागरिक अलंकरण समारोह में बिहार की छह समेत देशभर की अड़सठ हस्तियों को सम्मानित करेंगी।

03. सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने पटना हाईकोर्ट के न्यायाधीश विपुल मनुभाई पंचोली को मुख्य न्यायाधीश नियुक्त करने की सिफारिश की।

04. और, पटना में कोविड के नये मामले सामने आने के बाद राज्य सरकार ने सतर्कता बढ़ाई। प्रदेश में अबतक तीन मामलों की हो चुकी है पुष्टि।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।